बरेली, सोमवार
26 मई, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.50

दैनिक जागरण inext



# एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड पर वर्कशॉप आयोजित




**BAREILLY (25 May):** गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के क्षेत्र में चिकित्सकों की जानकारी बढ़ाने और प्रैक्टिकल कुशलता के लिए एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) पर एक दिवसीय वर्कशॉप हुई. गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग की ओर से आयोजित वर्कशॉप में एकेडमिक लेक्चर, लाइव सर्जरी के साथ प्रेक्टिकल प्रशिक्षण के सेशन हुए. गाजियाबाद के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. संजय गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड के मूलभूत सिद्धांतों, वर्तमान की क्लीनिक जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करते हुए 'ईयूएस की एबीसी' पर व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि आज के दौर में गैस्ट्रो संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. शोधों और अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी जरूरी है. डा. गर्ग ने एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड (ईयूएस) के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी और  मदद से शुरूआत में गैस्ट्रो संबंधित दिक्कतों का पता लगाने पर जोर दिया.